## एक नजर में

### शनि जयंती पर विशाल भंडारा आज

**शुजालपुर ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शनिश्चरी अमावस्या एवं शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को बड़े पुल के पास स्थित श्री शनि देव मंदिर शुजालपुर सिटी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार भंडारा प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शनि जयंती के अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा तथा विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### एक वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**मोहन बड़ोदिया ।** शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में स्थाई वारंटियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके पालन में थाना प्रभारी मोहन बड़ोदिया अरविन्द सिंह तोमर द्वारा थाने के स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा 14 मई को रात्रि में मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली शाजापुर क्षेत्र के निगरानी बदमाश एवं थाना मोहन बड़ोदिया का 1 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी मोहन लाल पिता शंकर लाल गुर्जर निवासी लोहरवास को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्थायी वारंटी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरविन्द सिंह तोमर, हेमेन्द्र सिंह जादौन, शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, सुरेश राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नि :शुल्क नेत्र शिविर में 65 मरीजों की जांच



**शुजालपुर ।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय शाखा शुजालपुर द्वारा स्व। कुनौवा प्रसाद यादव एवं स्व। पार्वती देवी की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर किया गया। शिविर का आयोजन केंद्र के डॉ। जसवंत यादव एवं उनके परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में 65 मरीजों की आंखों की जांच डॉ। जसवंत यादव एवं नेहा सोनी द्वारा की गई। जांच के दौरान 28 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा नया अस्पताल, एयरपोर्ट रोड गांधीनगर भोपाल भेजा गया। मरीजों के लिए भोजन एवं चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई। शिविर के दौरान खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का साल, श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान शशांक जैन परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेंद्र जैन, सुनील जैन, गंगाधर शर्मा, संदीप अग्रवाल, प्रवीण जोशी, हरिनारायण परमार, रमेश परमार एवं रामस्वरूप परमार सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। शिविर का समापन एवं आभार प्रदर्शन सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने माना।

### ई बाइक से प्रशिक्षण वर्ग में आए जिला महामंत्री

**आगर-मालवा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ अपील का जिले में भी प्रभाव दिख रहा है। इसी कड़ी में आज भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग में जिला महामंत्री सूरज सिंह परिहार अपनी ई बाइक से झलारा बड़ौद से 35 किलोमीटर यात्रा कर प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे, जिसकी सभी ने सराहना की। जिला महामंत्री परिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पर सभी अमल में लाए। जिससे ईंधन की बचत होगी। देश सशक्त होगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी होगा।

### भीषण गर्मी में मानवता की मिसाल बना जल सेवा अभियान



**शाजापुर ।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच जब यात्रा कर रहे लोगों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस होती है, ऐसे समय में गिरिराज धरण ग्रुप जल सेवा समिति द्वारा बीते 10 सालों से शाजापुर द्वारा एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल की जा रही है। शाजापुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली 19341 नागदा-बीना एक्सप्रेस एवं 19342 बीना-नागदा एक्सप्रेस के यात्रियों को नियमित रूप से शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर समिति के सदस्य मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। प्यास से व्याकुल यात्रियों के चेहरों पर राहत और मुस्कान लाने का यह छोटा सा प्रयास समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का संदेश दे रहा है। गिरिराज धरण ग्रुप का यह सेवा कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। जिसका उद्देश्य मात्र सेवा कार्य है। ग्रुप से जुड़े गजेंद्र पाठक, ओम प्रकाश आर्य, शिवजी सोनी, महेश बराड़ा, दीपक शर्मा, कैलाश बराड़ा, सुभाष पटेल, नरेश जाटव, सुनील देवतवाल, तेजसिंह सरपंच, मनीष शर्मा, शिव कुशवाह, सभाजीत, उपेंद्र भावसार, लालाजी भावसार, राजेंद्र मेहर, ललित बराड़ा, विपिन चौरसिया, बंटू भावसार, पंकज शिवहरे, सुधीर यादव, मुकेश सांवरिया, नवीन देवतवाल, महेश मालवीय, तन्मय भावसार, अनिरुद्ध शर्मा, प्रमोद राजपूत, दीपाली पाठक, यश्वी कुशवाह, बालेंद्र श्रीवास्तव और अन्य सदस्य अपनी सेवा प्रतिदिन दे रहे हैं

### भूमि आवंटन के लिए कार्यशाला 19 को

**शाजापुर ।** एमपीआईडीसी द्वारा विकसित किए गए औद्योगिक क्षेत्र भेरू डूंगरी शाजापुर इंडस्ट्रियल पार्क में भूमि आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं टेंडर प्रक्रिया के संबंध में 19 मई को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष शाजापुर में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

# भोजशाला फैसले के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड पर

## शाजापुर में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिसकर्मी, शाम को मनाया जश्न

**शाजापुर । धार स्थित भोजशाला कमाल मौला मस्जिद मामले में शुक्रवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा हिन्दूओं के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके पहले फैसले को लेकर शाजापुर जिला प्रशासन और पुलिस अलर्ट पर रहा और नगर के संवेदनशील इलाकों में सुबह से ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।**

प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अफसरों द्वारा शहर में लगातार गश्त की जा रही थी। अधिकारियों द्वारा प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। शुक्रवार होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया गया था। क्योंकि इस दिन मुस्लिम समुदाय द्वारा जुमे की नमाज अदा की जाती है। जिसके चलते कोई भी अप्रिय स्थिति बन सकती थी। हालांकि फैसला आने के बाद भी नगर में स्थिति सामान्य रही और फैसले को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने जश्न मनाया। हालांकि पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

**भाजपाइयों ने की आतिशबाजी**

दोपहर करीब 3 बजे इंदौर हाई कोर्ट का फैसला सुनाया, जिसमें



फैसला हिन्दुओं के पक्ष में दिया। इस फैसले के बाद नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम और सनातन धर्म की जय के नारे लगाए। सर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष और भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। उन्होंने बताया कि सनातन समाज ने न्यायपालिका पर भरोसा जताया था और अदालत का फैसला हिंदू पक्ष में आया है।

नागर ने कहा कि भोजशाला से जुड़े प्राचीन अवशेष और मां वाग्देवी की प्रतिमा सनातन संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्रिटिश संग्रहालय में रखी वाग्देवी की प्रतिमा भी भविष्य में भारत वापस लाई जाएगी और पुन: स्थापित की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर रखी नजर...

प्रशासन द्वारा नगर में तैनाती के साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी, किसी भी प्रकार की भ्रामक या अपुष्ट जानकारी साझा न करने की चेतावनी भी दी गई। साथ ही प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अन्य आनलाइन गतिविधियों पर भी लगातार निगरानी रखी। कोतवाली टीआई संतोष वाघेला ने बताया कि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखी गई।

### फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन के लिए शिविर आज

**शाजापुर ।** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देश पर 16 मई को 10 बजे से शाम 6 बजे तक समस्त पटवारी हल्का मुख्यालयों में फार्मर आईडी से शेष किसानों के रजिस्ट्रेशन एवं फार्मर आईडी लिंक से शेष खातों को फार्मर आईडी में जोड़े जाने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिससे कृषकों को खाद वितरण एवं अन्य शासकीय योजनाओं में लाभ लेने में असुविधा न हो। इस संबंध में अपर कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त तहसीलदारों को समस्त पटवारी हल्का मुख्यालय में 16 मई को आयोजित विशेष अभियान में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पटवारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए, फार्मर रजिस्ट्री अंतर्गत फार्मर आईडी से शेष किसानों के रजिस्ट्रेशन एवं फार्मर आईडी लिंक से भूमि सर्वे नंबरों को फार्मर आईडी में जोड़े जाने के लिए पटवारियों को निर्देशित करने किए कहा है।

# कांग्रेस में इतना सन्नाटा क्यों है भाई...?

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

शोले फिल्म में एक मशहूर संवाद था कि इतना सन्नाटा क्यों है भाई... कुछ ऐसा ही सन्नाटा कांग्रेस कबीले में नजर आ रहा है. भोजशाला के ऐतिहासिक पक्ष के बाद कांग्रेस नेताओं की स्थिति लुटी हुई सल्तनत के उजड़े सुल्तान जैसी हो गई है. जरा-जरा सी बात पर धरना, आंदोलन, प्रदर्शन करने की हूंकार भरने वाले कांग्रेसी नेता भोजशाला के मामले में मौन क्यों है. धार की ऐतिहासिक भोजशाला में वाग्देवी की पुर्नस्थापना के मार्ग को प्रशस्त करते न्यायालय के निर्णय ने कांग्रेस के कबीलों में एक अजीब सा सन्नाटा खींच दिया है. विशेषकर उन सेकुलर सूरमाओं के खेमे में, जहां खुशियां भी अब वोट बैंक का केवाईसी देखकर मनाई जाती हैं. धार की भोजशाला से आई खबर ने कई लोगों के चेहरों पर चमक बिखेरी है, तो कई चेहरों पर वैसी ही हवाइयां उड़ रही हैं जैसी एग्जिट पोल के दिन उड़ती हैं. हमारी सबसे पुरानी और सर्वधर्म समभाव की स्वयंभू ठेकेदार पार्टी इस समय एक गंभीर दुविधा में है. दुविधा यह है कि अगर बधाई दी, तो कहीं अल्पसंख्यक नाराज न हो जाएं और अगर विरोध किया, तो बचा-खुचा बहुसंख्यक वोट बैंक भी गंगा जी में विसर्जित न हो जाए. कांग्रेस के कबीलों में सन्नाटा ऐसा है कि सुई भी गिरे, तो सांप्रदायिक लगने लगे. पार्टी के आलाकमान शायद डिक्शनरी में ऐसा शब्द ढूंढ रहे हैं, जिससे हिंदुओं को जीत की बधाई भी मिल जाए और उनके खास वोट बैंक को पता भी न चले. इसे राजनीति की भाषा में मौन स्वीकृति नहीं, बल्कि मौन फटी-फटी स्थिति कहते हैं. बेचारी कांग्रेस की हालत उस फूफा जैसी हो गई है, जो भतीजे की शादी में पनीर की सब्जी कम होने पर नाराज तो है, पर शगुन का लिफाफा भी नहीं छोड़ना चाहते. भोजशाला के निर्णय के बाद जहां भाजपा ने खुशी जाहिर आतिशबाजी की, वहीं कांग्रेस खेमे में नेता मौन हैं.शाजापुर के कांग्रेसी नेताओं को सूझ नहीं पड़ रही कि भोजशाला के निर्णय पर खुशी जाहिर करें या मौन रहें. सोशल मीडिया पर जहां भाजपा ने बधाईयों का पहाड़ खड़ा कर दिया, वहीं कांग्रेस इस मुद्दे पर मौन है.

**बिना पूंजी लगाए गल्ले पर कब्जा**

यदि आपको मलाईदार कुर्सी चाहिए, तो रिचार्ज जरूरी है, लेकिन पुलिस विभाग के एक साहब इस मामले में किस्मत के धनी हैं. बिना पूंजी लगाए, बिना रिचार्ज किए पुलिस के गल्ले पर विराजित हो गए हैं. हालांकि इस गल्ले से उतनी आवक नहीं है, फिर भी सरकार से मिलने वाली पगार पूरे महीने की बच जाती है और गल्ले से सम्मानजनक आवक भी हो जाती है. क्योंकि जिन साहब का इस कुर्सी पर बैठने का आदेश हुआ था, वे साहब शाजापुर आना नहीं चाहते हैं. तो इसे जैकपॉट ही माना जाएगा. अब ये जैकपॉट कब तक चलता है, ये देखना है.

**सेल्फी जरूरी है, तभी माना जाएगा कि आप बचत कर रहे हो...**

प्रधानमंत्री द्वारा डीजल-पेट्रोल का कम उपयोग करने और काफिले में न चलने की अपील के बाद शाजापुर में भी अब नेताओं ने बसों से यात्रा शुरू कर दी है. लेकिन जिस प्रकार मंदिर के बाहर सेल्फी लेने के बाद ही दर्शन की मान्यता मानी जाती है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री की अपील तभी पूरी मानी जाएगी, जब नेता बस में बैठकर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर डालें. अब देखना यह है कि जो नेता अभी बसों से यात्रा कर रहे हैं, कितने दिन तक करते हैं. क्योंकि अपील पूरे एक साल की है.

**अंत में...**

न्याय की चौखट से सत्य का पैगाम आया है... भोजशाला की दरो दीवार पर वाग्देवी का नाम आया है...मगर कुछ गलियारों में मातम सा क्यों छाया है... शायद उनकी धर्मनिरपेक्षता को फिर से वोट बैंक याद आया है.

### गौसेवा कर मनाया गुरुदेव का जन्मोत्सव



**आगर-मालवा ।** अध्यात्मयोगी, जीवदया प्रेमी आदर्श रत्न सागर जी मसा के 49वें जन्मोत्सव पर शुक्रवार को श्री महावीर सेवा समिति द्वारा विविध सामूहिक कायक्रमों का अयोजन किया गया। जिसमें पौधा रोपण तथा 25 सामूहिक आंबील किए गए। इसी के साथ ही शाम को श्री माधव गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना कर जीव दया की गई। सभी आयोजन में महावीर सेवा समिति के सदस्य व वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे।

# 25 मई तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे दावे-आपत्तियां

## स्टैंडिंग कमेटी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**आगर-मालवा। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर आरपी वर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया।**

बैठक में बताया गया कि एक जनवरी 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है। प्रारूप प्रकाशन के साथ ही दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जो 25 मई 2026 तक जारी रहेगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा। अपर कलेक्टर वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, त्रुटियों के सुधार कराने तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित होना निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए आवश्यक है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रारूप मतदाता सूचियां भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अशोक प्रजापत, अंकुश भटनागर, ईश्वर अजमेरिया, इलेक्शन सुपरवाइजर राजेन्द्र पांडेय, शिव शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिम में एक्सरसाइज के दौरान युवकों में विवाद

## पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का मामला

**शुजालपुर । शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित एक जिम में एक्सरसाइज के दौरान युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दो युवकों ने एक किशोर और उसके साथी के साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार फरियादी किशोर निवासी कृष्णा नगर शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त कार्तिक कुशवाह के साथ जिम में एक्सरसाइज करने गया था। 14 मई की रात करीब 8 ।30 बजे दोनों जिम में व्यायाम कर रहे थे। इसी दौरान एक्सरसाइज करते समय कार्तिक का वजन उठाते हुए संतुलन बिगड़ गया, जिस पर वहां मौजूद समीर निवासी अकोदिया नाका ने टोका-टोकी शुरू कर दी। फरियादी के अनुसार उसने समीर से थोड़ी देर रुकने की बात कही, लेकिन इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि समीर एवं चांद खां ने मिलकर कार्तिक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने बेल्ट और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी, जिससे गर्दन और पीठ पर चोटे आई। घटना के दौरान कार्तिक के पिता राजू कुशवाह भी मौके पर पहुंच गए। फरियादी का आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की, जिससे आंख के पास चोट आई। जिम में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जनगणना कार्य का निरीक्षण

**शाजापुर।** जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल से जनगणना संभाग प्रभारी राजेश मोर्य एवं जनगणना जिला प्रभारी मिलिंद देशपांडे द्वारा आज ग्राम सुंदरसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य हेतु नियुक्त सुपरवाईजर एवं प्रगणकों से चर्चा कर कार्य के दौरान आ रही समस्याओं का समाधान किया गया तथा ग्राम का भ्रमण कर जनगणना कार्यवाही की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान जनगणना चार्ज अधिकारी पोलायकलां श्रीमती अंकिता पाटकर, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी घनश्याम लोहार, तुषार शर्मा, सुपर वाइजर, प्रगणक आदि उपस्थित थे।

# एकादशी पर ताली कीर्तन, श्याम भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**शुजालपुर । शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया में अपरा एकादशी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। अल सुबह से ही अकोदिया नरेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।**

भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई और बाबा के दर्शन के लिए मंदिर परिसर देर रात तक भक्तों से गुलजार रहा। मंदिर को आकर्षक सजाया गया तथा बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शाम 6 बजे अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई, जिसके बाद ताली कीर्तन का आयोजन हुआ। स्थानीय भजन गायक दीपक ठाकुर और जतिन विश्वकर्मा ने श्याम भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर श्याम भक्ति में सराबोर नजर आया।

एकादशी पर बाबा की सेवा का लाभ नगर के कुशवाह परिवार रामनारायण, लक्ष्मी देवी, लक्की, सुहानी कुशवाह एवं परिवार ने लिया। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ, जिसके बाद महाप्रसादी वितरित की गई।

**एक नजर में** — भजनों पर झूमते-नाचते चले आस्थावान, रास्तेभर लगे जयकारे

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का श्रीगणेश

**शाजापुर। हाथों में भगवा पताकाएं थामें बच्चों की टोलियां, धार्मिक भजनों की धुन पर थिरकते युवाओं के कदम, माथे पर कलश धारण किए मातृशक्ति एवं अश्वरथ पर सवार पूज्य कथावाचक संत जब जब धूमधाम से स्टेशन रोड की सड़कों पर निकले तो संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण धार्मिक भक्ति के रंग में सराबोर हो गया।**



उल्लेखनीय है कि विगत 14 वर्षों से निरंतर श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रुप के युवाओं की टीम द्वारा सात दिवसीय कथा महोत्सव का आयोजन स्थानीय रेलवे मैदान पर किया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेवाड़ महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन 1008 श्री चेतनदास महाराज के शिष्य महंत श्रीअनुजदासजी महाराज के मुखारविंद से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कथा स्थल रेलवे मैदान पर किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आयोजन की शुरूआत शुक्रवार सुबह भव्य कलश यात्रा से हुई। जो सुबह 9 बजे रेलवे कॉलोनी स्थित श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो स्टेशन रोड, आदर्श कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर एवं नहर मार्ग से होती हुई नहर के पास स्थित रेलवे मैदान कथा स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां सात दिनों तक प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से रात 11 बजे तक अनुजदासजी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर समिति व रेलवे कालोनी व सूर्या ग्रुप शाजापुर द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

**अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत**

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस आयोजित भव्य कलश यात्रा के अंतर्गत यात्रा मार्ग पर श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा एवं संत अभिनंदन करते हुए भव्य स्वागत किया गया। देश अवसर पर बड़ी संख्या में कथा समिति सदस्य एवं सूर्या ग्रुप के कार्यकर्ताओं सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**शुजालपुर ।** क्षेत्र के ग्राम जामनेर निवासी एक किसान के घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी विनोद धाकड़ पिता राधेश्याम धाकड़ ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। उसने अपने घर के सामने नीले रंग का न्यू हॉलैंड कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 एसी 3445 खड़ा किया था। फरियादी ने बताया कि 14 मई की रात करीब 11 ।30 बजे वह सोने चला गया था। सुबह करीब 5 ।30 बजे उठने पर देखा कि गैराज का दरवाजा खुला हुआ था तथा दरवाजे पर लगा नकूचा टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो ट्रैक्टर वहां नहीं मिला। अज्ञात बदमाश गैराज का ताला तोड़कर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।